खेतड़ी के ककराय गांव के तालाब में चार दिन से लापता युवक का शव मिला

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी थाना क्षेत्र के ककराय गांव स्थित तालाब में शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव तैरता हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मान्दरी निवासी 28 वर्षीय केसर मेघवाल पुत्र सुभाष चन्द्र के रूप में हुई है। युवक पिछले चार दिनों से

- **आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर धरना देकर मामले की जांच करवाने की मांग की**
- **मृतक केसर मेघवाल पिछले करीब दो वर्षों से वन विभाग में वाचमैन के पद पर कार्यरत था**



युवक का शव मिलने के बाद ककराय गांव के तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।



मृतक केसर मेघवाल

घर से लापता था। तालाब में शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। वहीं, युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ककराय गांव के ग्रामीणों ने तालाब में एक युवक का शव तैरते हुए देखा। इसकी सूचना तत्काल खेतड़ी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया तथा खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक केसर मेघवाल पिछले करीब दो वर्षों से वन विभाग में वाचमैन के पद पर कार्यरत था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। उसके पिता की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है। बताया जा रहा है कि केसर पिछले चार दिनों से घर से लापता था। ऐसे में उसका शव गांव से दूर ककराय के तालाब में मिलने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। युवक तालाब तक किन परिस्थितियों में पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। युवक का शव मिलने के बाद परिजनों ने उसकी मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर करीब एक घंटे तक धरना देकर मामले की गंभीरता से जांच करवाने की मांग की।

इस दौरान खेतड़ी सीआई बुद्धि प्रसाद ने परिजनों से समझाइश की और नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने पर सहमत हुए। सीआई बुद्धि प्रसाद ने बताया कि परिजनों की ओर से रिपोर्ट दिए जाने पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। चार दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिलने और परिजनों की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने के बाद क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

नाबालिग से यौन शोषण मामले में दस आरोपी गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि 16 साल की नाबालिग से अलग-अलग होटलों में यौन शोषण किया गया है

कोटा, (निसं)। शहर के एक थाना इलाके में 16 साल की नाबालिग से अलग-अलग होटलों में यौन शोषण का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में सामने आया कि नाबालिग को डरा-धमका कर अलग-अलग होटलों में भेजा जाता था, जहां उसका यौन शौषण कराया जाता था।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर के एक थाने मे नाबालिग को डरा-धमकाकर

- **मामले में एएसपी चंचल मिश्रा के नेतृत्व में एसआईटी टीम जांच कर रही है**

अलग-अलग होटलों में भेजकर यौन शोषण का मामला सामने आया। शहर एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान होटल में इस्तेमाल किये गये आधार कार्ड में नाबालिग की उम्र 18 वर्ष दिखाते हुए बालिग बताया है। उसकी भी जांच की जा रही है कि आधार कार्ड फर्जी तो नहीं है। शहर एसपी ने बताया कि मामले मे महिला अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। मामले में एएसपी चंचल मिश्रा के नेतृत्व में एसआईटी टीम पूरे मामले की जांच कर रही है कि मामले में और कितने लोग शामिल हैं। वहीं 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चूका है एवं फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

निवेश के नाम पर 11.55 लाख रुपये की ठगी का आरोप

जोधपुर, (कासं)। शहर के माता का थान स्थित श्रीराम नगर में फॉरेक्स निवेश के नाम पर 11.55 लाख की ठगी का प्रकरण पुलिस में दर्ज हुआ है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने परिचितों और रिश्तेदारों से निवेश करवाकर कुल 11 लाख 55 हजार रुपये की राशि हड़प कर ली। पुलिस ने कोर्ट से मिले इस्तगासे पर अब केस दर्ज किया है।

- **पुलिस ने कोर्ट से मिले इस्तगासे पर अब केस दर्ज किया, जांच शुरु**

माता का थान पुलिस ने बताया कि कृष्णा नगर श्रीराम नगर निवासी वैभव अरोड़ा पुत्र आनंद प्रकाश ने परिवाद में बताया कि 31 अगस्त 2025 को उसके मित्र प्रदीप सिंह भाटी ने उसकी मुलाकात जितेंद्र जांगिड़ से करवाई थी। आरोप है कि जितेंद्र ने खुद को फॉरेक्स म्यूचुअल फंड का काम करने वाला बताते हुए निवेश पर 5 से 12 प्रतिशत तक लाभांश देने का भरोसा दिलाया। साथ ही निवेश की मूल राशि वापस मिलने और किसी प्रकार का जोखिम नहीं होने की बात कही। परिवादी के अनुसार, शुरुआत में उसने अपनी पत्नी प्रेमलता अरोड़ा के नाम से 10 हजार रुपये का निवेश करवाया। इस पर लाभांश मिलने के बाद उसे आरोपी की बातों पर विश्वास हो गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में परिवादी ने अपने पिता आनंद प्रकाश अरोड़ा के 20 हजार रुपए, माता अनुराधा अरोड़ा के 5 लाख रुपए तथा परिचित की दादी पवन देवी के 50 हजार रुपये निवेश करवाए। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने विश्वास कायम करने के लिए 3 प्रतिशत लाभांश भी दिया।

परिवाद में बताया गया कि इसके बाद आरोपी ने परिवादी से संपर्क कर नई निवेश योजना आने और अधिक लाभांश व बोनस मिलने का भरोसा दिलाया। इसके चलते दुर्जन सिंह, शुभम रावल की बहन राधा रावल, महावीर सिंह, जगदीश इंदा, ट्विंकल सोनी, लक्ष्मी देवी, ओम सिंह, अनिता कंवर और विजयश्री सहित कई परिचितों के नाम से भी रकम निवेश करवाई गई।

परिवादी का आरोप है कि इस तरह उसने अपने रिश्तेदारों और परिचितों से कुल 11 लाख 55 हजार रुपए निवेश करवाए। शुरुआत में अच्छा लाभांश देने का भरोसा दिलाया गया, लेकिन बाद में किसी भी निवेशक को लाभांश नहीं दिया गया और न ही मूल निवेश राशि लौटाई गई। रिपोर्ट के अनुसार जब परिवादी ने आरोपी से सभी निवेशकों की मूल रकम और लाभांश वापस मांगा तो वह लगातार टालमटोल करने लगा। अधिक तकाजा करने पर आरोपी के अपने निवास स्थान से कहीं अन्यत्र चले जाने और फोन पर संपर्क नहीं होने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पहले माता का थान थाने में शिकायत दी। इसके बाद 2 अप्रैल 2026 को पुलिस आयुक्तलय जोधपुर को भी परिवाद भेजा, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय में परिवाद पेश किया।

इलाज के नाम पर बालक को गर्म सरियों से दागा, दर्द सहन नहीं हुआ तो घर से भागा

प्रकरण में आरपीएफ को एक बालक रेलवे स्टेशन पर अकेला मिला

जोधपुर, (कासं)। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के इस दौर में जहां बेहतर उपचार के लिए एम्स जैसे विश्वस्तरीय चिकित्सा संस्थान उपलब्ध हैं, वहीं आज भी अंधविश्वास, अशिक्षा और जागरूकता के अभाव में मासूम बच्चों को अमानवीय यातनाओं से गुजरना पड़ रहा है। इलाज के नाम पर गर्म लोहे की सरियों से बच्चों को दागने की ऐसी ही एक हृदयविदारक घटना जिले में सामने आई है।

जानकारी के अनुसार जोधपुर जिले के पश्चिम थाना क्षेत्र बोरानाडा से संबंधित इस प्रकरण में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को एक बालक रेलवे स्टेशन पर अकेला मिला। पूछताछ के दौरान बालक की स्थिति और व्यवहार संदिग्ध एवं असहज प्रतीत होने पर आरपीएफ ने नियमानुसार उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बालक

- **बालक ने बताया कि इलाज के नाम पर उसके संरक्षक द्वारा उसे एक भोपा के पास ले जाया गया, जहां गर्म लोहे की सरियों से उसके शरीर पर डाम दिए गए**

बेहद डरा-सहमा और बीमार अवस्था में था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाल कल्याण समिति ने तत्काल बालक को संरक्षण में लेकर किशोर गृह में प्रवेशित करवाया तथा बेहतर चिकित्सा उपचार और मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग के निर्देश दिए। बालक की काउंसलिंग के दौरान जो तथ्य सामने आए, वे बेहद पीड़ादायक थे। बालक ने बताया कि इलाज के नाम पर उसके संरक्षक द्वारा उसे एक भोपा के पास ले जाया गया, जहां गर्म लोहे की सरियों से उसके शरीर पर डाम दिए गए। इस अमानवीय प्रक्रिया के दौरान बालक को असहनीय शारीरिक पीड़ा से गुजरना पड़ा। लगातार प्रताड़ना और दर्द से परेशान होकर बालक घर से पलायन कर गया और रेलवे स्टेशन पहुंच गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विक्रम चेतन सरगरा ने तत्काल संज्ञान लिया। समिति द्वारा संबंधित थाने को प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। बालक का विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार एवं काउंसलिंग जारी है। वर्तमान में बालक की स्थिति में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है।

समिति के अध्यक्ष विक्रम चेतन सरगरा ने कहा कि बच्चों के साथ इस प्रकार की अमानवीय घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। अंधविश्वास के नाम पर बच्चों को शारीरिक पीड़ा देना उनके अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। बच्चों के उपचार के लिए हमेशा वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय पद्धित अपनाई जानी चाहिए। समाज में जागरूकता की आवश्यकता है, ताकि कोई भी बच्चा ऐसी प्रताडना का शिकार न हो।

सरगरा ने कहा अंधविश्वास के नाम पर बच्चों को यातना देना इलाज नहीं, बल्कि उनके बचपन और अधिकारों पर क्रूर प्रहार है। समाज को जागरूक होना होगा, ताकि किसी भी मासूम को इस तरह की पीड़ा से न गुजरना पड़े। घटनाक्रम को लेकर बोरानाडा थाने में अज्ञात भोपे के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

डूंगरपुर में दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में भंडारिया घाटा के पास लाल कोठी रिसोर्ट के नजदीक दो बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में जगदीश भणात की मौत हो गई, जबकि उनका साथी कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली थाने के एएसआई नारायण लाल ने बताया कि पालबडा निवासी दानमल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक उनके पोते जगदीश अपने मित्र कपिल के साथ बाइक से पाडली गांव गए थे। दोनों लौटकर अपने गांव पालबड़ा जा रहे थे। भंडारिया घाटा में लाल कोठी रिसोर्ट के पास सामने से गलत दिशा में आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रिपोर्ट में बाइक सवार पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप है। 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को डूंगरपुर के सामान्य अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल कपिल को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बूंदी के गोहाटा में जमीन विवाद ने दो सगे भाइयों की जान ली

बूंदी, (निसं)। दईखेड़ा थाना क्षेत्र के गोहाटा गांव में जमीन के विवाद ने दो सगे भाइयों की जान ले ली। गुरुवार शाम भूमि विवाद को लेकर सगे काका और उसके बेटे पर धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप है। हमले में गंभीर घायल छोटे भाई हरिप्रसाद की गुरुवार शाम को ही मौत हो गई थी, जबकि बड़े भाई रामप्रसाद ने शुक्रवार शाम को कोटा के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दो भाइयों की मौत से गांव में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया।

लाखेरी डीएसपी नरेंद्र नागर ने बताया कि गुरुवार शाम गोहाटा गांव में जमीन को लेकर परिवार के दो पक्षों में विवाद हुआ था। आरोप है कि इस दौरान रामकंवर मीणा ने अपने बेटे बबलू के साथ मिलकर अपने भतीजों हरिप्रसाद और रामप्रसाद पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए कोटा ले जाया गया, जहां हरिप्रसाद ने गुरुवार शाम दम तोड़ दिया। गंभीर हालत में भर्ती रामप्रसाद की भी शुक्रवार शाम उपचार के दौरान मौत हो गई।दो बेटों को खोने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना के बाद से गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। वारदात के बाद से मुख्य आरोपी रामकंवर मीणा और उसका बेटा बबलू फरार बताए जा रहे हैं।

दोनों भाइयों की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मेगा हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। कई घंटों तक चले प्रदर्शन के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

डिवाइडर पर चढ़ी कार, पीछे से आए कंटेनर ने चालक को कुचला

पावटा, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पावटा फ्लाईओवर से दिल्ली की तरफ जाते समय एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार चालक की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार चालक द्वारा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और दरवाजा खुलने से चालक सड़क पर नीचे गिर गया। तभी पीछे से तेज गति में आ रहे कंटेनर ने चालक को अपनी चपेट में लेते हुए कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृतक की पहचान मोहम्मद साजिद अंसारी (34) निवासी वदवा, अहमदाबाद (गुजरात) के रूप में हुई है।


- **एनएच-48 पर भीषण सड़क हादसा हुआ, कार का दरवाजा खुलने से चालक नीचे गिरा**

बताया जा रहा है कि कार में उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी सवार था, जो इस हादसे में सुरक्षित बच गया। घटना के दौरान अचानक फाटक खुलने से चालक अचानक नीचे गिरा और पीछे से आ रहे कंटेनर की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि स्विफ्ट डिजायर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुई घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटनास्थल की ओर दौड़कर राहत एवं बचाव के प्रयास किए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया व शव को उपजिला अस्पताल पावटा की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक की पहचान संबंधी जानकारी जुटाई तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू की। वहीं क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया गया।

मंदिर की दानपेटी तोड़कर हजारों की नगदी उड़ाई

लालसोट, (निसं)। लालसोट क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब भगवान के दरबार भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। बेखौफ चोरों ने वार्ड 32 की पहाड़ियों की तलहटी में स्थित प्राचीन पंचेश्वर नाथ महादेव मंदिर को निशाना बनाते हुए दानपेटी तोड़कर हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मंदिर में हुई इस चोरी की वारदात से श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

मंदिर के संत के अनुसार, वे बीती रात किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंदिर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मंदिर में सुनसान माहौल का फायदा उठाया और दानपेटी को तोड़कर उसमें रखी करीब 50 से 60 हजार रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह मंदिर में चोरी की जानकारी सामने आने पर हड़कंप मच गया। जिस मंदिर में श्रद्धालु श्रद्धा से अपनी मेहनत की कमाई दान करते हैं, उसी दानराशि पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस घटना ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंदिर में हुई चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाए।



विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला अपने अनूठे रंगों के साथ इन दिनों पर्यटकों के लिये आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक, श्रद्धालु और पशुपालक पहुंच रहे हैं। पुष्कर की रेतीली धरती पर सजे-धजे ऊंट, घोड़े की गूंज यहां आने वाले पर्यटकों को राजस्थान की संस्कृति से रूबरू करा रही है।

महिला की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के गुमानपुरा गांव में खेत में गेहूं की बुवाई के लिए पानी दे रही महिला किसान ममता अहारी की अचानक बेहोश होकर गिरने से मौत हो गई। वह घर के पास खेत में पानी लगा रही थी। इसी दौरान अचानक गीली मिट्टी में औंधे मुंह गिर पड़ी। परिजन उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

सदर थाने के एएसआई बंशीलाल ने बताया कि ममता का पति दिनेश अहारी मजदूरी के लिए रतनावाडा गया हुआ था। इस दौरान ममता घर के पास खेत में गेहूं की बुवाई के लिए पानी देने गई थी। तभी दिनेश के पिता भेमजी ने फोन कर उसे बताया कि ममता खेत में पानी देते समय अचानक गिरकर बेहोश हो गई है। सूचना मिलने पर दिनेश घर पहुंचा तो ममता खेत में गीली मिट्टी के बीच औंधे मुंह पड़ी हुई थी। परिजन उसे खेत से उठाकर घर ले गए। इसके बाद निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

बाइक का संतुलन बिगड़ने से कुएं में गिरा युवक, अस्पताल में मौत

सामने से आ रहे चौपहिया वाहन की तेज रोशनी बाइक चालक की आंखों में पड़ने से हादसा हुआ

अलवर, (निसं)। शादी समारोह से घर लौट रहे दो भाइयों की खुशियां शुक्रवार रात मातम में बदल गईं। लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के झालाटाला गांव के पास सड़क किनारे बने करीब 90 फुट गहरे खुले कुएं में गिरने से 26 वर्षीय हरवीर प्रजापत की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर उसे कुएं से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, इमलाली गांव निवासी हरवीर अपने भाई महावीर के साथ बाइक पर सवार होकर शादी समारोह से घर लौट रहा था। रात करीब 10 बजे झालाटाला गांव के पास सामने से आ रहे चौपहिया वाहन की तेज रोशनी बाइक चालक की आंखों में पड़ी। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों भाई सड़क पर गिर गए। इस दौरान हरवीर उछलकर सड़क किनारे बने करीब 90 फुट गहरे खुले कुएं में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद हरवीर को कुएं से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। हरवीर टाइल लगाने का काम करता था और एक साल की बेटी का पिता था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शादी समारोह से लौटते समय हुए इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर दिया।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत : - अलवर में एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान थानागाजी निवासी धोलाराम पुत्र गंगाराम के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, धोलाराम खेती-बाड़ी का काम करता था और घटना के समय शराब के नशे में था। इसी दौरान उसके जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। इसके बाद मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस की ओर से सुबह पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने की आशंका के बीच पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

चार बूथों पर पुनर्मतदान आज

बूंदी, (निसं)। जिले के चार बूथों पर होने वाले पुनर्मतदान की तैयारियों को लेकर शनिवार को मतदान दलों को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के आवश्यक निर्देश दिए गए।

दक्ष प्रशिक्षक चंद्र प्रकाश राठौर ने सभी मतदान दलों को ईवीएम के संचालन और संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की अवगत कराया। उन्होंने मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर जोर देते हुए कहा कि मतदान के समय मतदाताओं के बाएं हाथ की मध्यमा (बीच की अंगुली) पर अमिट स्याही का निशान लगाया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी मतदान दलों को निर्देशित किया गया कि वे मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका भली-भांति मिलान व जांच कर लें, और पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही अपने-अपने गंतव्य केंद्रों के लिए प्रस्थान करें। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चारों बूथों पर रविवार 22 नवंबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान संपन्न कराया जाएगा।

स्कॉर्पियो सवार युवकों ने बाइक को टक्कर मारी, दो जने घायल

डूंगरपुर, (निसं)। शहर में शुक्रवार देर रात स्कॉर्पियो सवार दो युवकों की स्टंटबाजी ने सड़क पर कहर बरपा दिया। तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो को लहराते हुए दौड़ा रहे युवकों ने राजपुर घाटी में सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। इसके बावजूद स्कॉर्पियों सवार युवक नहीं रुके और करीब एक किलोमीटर तक शहर के बीच गाड़ी को तेज रफ्तार में दौड़ाते रहे। आखिरकार पुरानी जेल के पास स्कॉर्पियो डिवाइडर पर बने गमले से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार दोनों युवक भी घायल हो गए। चारों घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात स्कॉर्पियो सवार दो युवक रेलवे स्टेशन रोड से तेज रफ्तार में गाड़ी को लहराते हुए निकले। इस दौरान वे सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों को लगातार कट मारते रहे। उनकी लापरवाही के चलते कई वाहन स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। इसी दौरान राजपुर घाटी में सामने से आ रही बाइक को गलत दिशा में जाकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। इसके बावजूद स्कॉर्पियो सवार युवकों ने गाड़ी नहीं रोकी। वे पहले की तरह ही तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो को लहराते हुए कलेक्ट्री की ओर दौड़ाते रहे। इस दौरान शहर की सड़कों पर चल रहे कई अन्य वाहन भी उनकी चपेट में आने से बच गए।

रेलवे स्टेशन रोड से शुरू हुई स्टंटबाजी का अंत पुरानी जेल के पास हुआ। कलेक्ट्री से आगे बढ़ने के बाद तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सडक के बीच डिवाइडर पर बने गमले से जा टकराई। टक्कर के बाद गाड़ी दूसरी लेन में सामने से आ रहे एक अन्य वाहन से टकराने से भी बाल.बाल बची। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार दोनों युवक भी घायल हो गए। हादसे में घायल बाइक सवारों की पहचान गणेश पुत्र प्रताप पाटीदार निवासी पादरा और रमेश पुत्र कालिया पाटीदार निवासी नौगामा के रूप में हुई है। दोनों जयपुर जाने के लिए बाइक से रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान राजपुर घाटी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। वहीं, स्कॉर्पियो में सवार दोनों युवकों की पहचान विनोद और यशवंत निवासी सुरता के रूप में बताई जा रही है। हादसे के बाद चारों घायलों को डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया गया।